





## एक नजर में

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें: कलेक्टर



**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर राजेश बाथम की अध्यक्षता में बैन्कर्स एवं विभागीय अधिकारियों के साथ डी एल सी सी की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री बाथम ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करे। शिकायतकर्ता से चर्चा कर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर जवाब पोर्टल पर दर्ज करें। शासन की योजनाओं में लक्ष्य अनुसार समयावधि में ऋण प्रकरण स्वीकृत कर वितरण सुनिश्चित करें। बैठक में सामाजिक सुरक्षा कैंप एवं वित्तीय समावेशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि एवं मुख्यमंत्री स्व रोजगार ऋण योजना की प्रगति, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना, केसीसी डेयरी पशुपालन ऋण योजना, उद्यानिकी विभाग की ऋण योजना पीएमएफएमई की प्रगति, एनआरएलएम अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की स्थापना एवं बैंक लिंकेज की प्रगति, की बैंक वार समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गये। सीएम हेल्पलाइन जनसुनवाई शिकायत एवं फसल बीमा की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। बैठक में एलडीएम मोहन लाल मीणा, प्रखर उपाध्याय प्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल, एनके सोनी डीडीएम नाबार्ड, रतलाम, दिलीप सेठिया निदेशक आर सेटी रतलाम सहित बैंकर्स एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम नाबार्ड द्वारा मालवा माटी मार्ट ''सशक्त महिलाएँ – आत्मनिर्भर समाज'' पेम्पलेट का विमोचन किया गया।

### नवरात्री मेले में आज प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा की भजन संध्या

**रतलाम।** श्री कालिका माता मंदिर परिसर में 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक लगने वाले 11 दिवसीय श्री कालिका माता नवरात्रि मेले में प्रतिदिन रात्री में नागरिकों के मनोरंजन हेतु निगम के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मेले के छटे दिन 27 सितम्बर शनिवार को रात्री 8 बजे से प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा की भजन संध्या का आयोजन किया गया है। महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, राजस्व समिति प्रभारी दिलीप कुमार गांधी, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, अक्षय संघवी, विशाल शर्मा, मनोहरलाल राजू सोनी, रामू भाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती स्मिता माहेश्वरी, योगेश पापटवाल सामान्य प्रशासन समिति सदस्य परमानन्द योगी पंडित, बलराम भट्ट, श्रीमती कविता चौहान, श्रीमती धीरजकुवंर राठौर, श्रीमती प्रीति कसेरा, श्रीमती कविता महावर, श्रीमती मनीषा चौहान, राजस्व समिति सदस्य रणजीत टांक, योगेश पापटवाल, श्रीमती निशा सोमानी, श्रीमती स्मिता माहेश्वरी, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती भावना पैमाल, श्रीमती उमा डोई एवं समस्त पार्षदगणों ने नागरिकों से अपील की है कि मेले में 27 सितम्बर शनिवार को आयोजित प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा की भजन संध्या में अधिक से अधिक की संख्या में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेवें।

### श्रम विभाग में पारदर्शिता और सुशासन सुनिश्चित करने हेतु 'उत्तरा' प्रणाली को मिली स्वीकृति

**रतलाम।** श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने श्रम विभाग के लिए यूनिवर्सल ट्रांसपेरेंट ट्रैकिंग ऑफ एप्लीकेशन एंड रिस्पॉन्सेस (यूटीटीएआरए) प्रणाली को स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में यह निर्णय लिया गया है। यह श्रम विभाग में सुशासन एवं पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम है। ''उत्तरा'' प्रणाली का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक शासकीय सेवक की डिजिटल इंस्टैंस उपलब्ध कराना है, जिसे कोई भी नागरिक कभी भी देख सकेगा और संपर्क कर सकेगा। इस प्रणाली के माध्यम से किसी भी सामान्य आवेदन और उसके उत्तर की स्थिति का नागरिक सुगमता से ट्रैक कर सके। यह प्रणाली श्रम विभाग के कंट्रोल रूम से भी एकीकृत रहेगी, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली की निगरानी और कुशल संचालन सुनिश्चित होगा। इस प्रणाली के तकनीकी विकास का कार्य राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा किया जाएगा और आगामी 3 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई

**रतलाम।** जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन 23 सितंबर को किया गया था। इस क्रम में 1 से 19 वर्ष के दवा से वंचित रहने वाले बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमि नाशन किया गया। इस दौरान बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य शिक्षा भी दी गई।

### हमला करने पर आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास-

**जावरा।** फरियादी ईश्वरलाल द्वारा रिपोर्ट पुलिस थाना रिंगनोद पर की गई थी की फरियादी शंकरलाल उसका बडा भाई है ओर शाम को साढे नौ बजे वह दूकान से अपने घर पर आ रहा था तभी रास्ते मे पूरानी जमीन की नप्ती को लेकर माधु गायरी उसके घर से निकल कर आया ओर शंकरलाल को मां-बहन की नंगी-नंगी गालिया देने लगा तथा उसके भाई शंकरलाल को पिछे से धार-दार धारिये की सिर पर मारकर जान से मारने का प्रयास किया जिससे वह निचे गिर गया। इसी दौरान माधु का लडका बालअपचारी, गोविंद, व कमल गायरी द्वारा भी शंकरलाल के साथ लात-घोसो के साथ मारपीट की गई उसने उन्हे छुडाया तो अभियुक्तगण जाते जाते बोलकर गये की आज तो बच गया आईन्दा कभी जमीन की बात को लेकर कुछ बोला तो जान से खत्म कर देगे। इस आधार पर पुलिस थाना रिंगनोद मे ईश्वरलाल की रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 191/2020 कायम किया गया गया तथा अभियुक्तगण के विरूद्ध धारा 324, 323, 294, 506/34 भारतीय दण्ड विधान के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कराया। आहत को सिर मे आई चोट मे फैक्चर पाया जाकर चोट प्राण घातक होने से अभियुक्तगण के विरूद्ध धारा 307 व 326 का इजाफा किया गया। इसके साथ ही धारा 25 आर्म्स एक्ट का भी इजाफा किया गया। प्रकरण मे आई साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वितिय अपर जिला जज परमानन्द चौहान द्वारा आरोपी माधु पिता नागु गायरी को 5 वर्ष के सश्रम कारावास व 5,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा गोविंद पिता रायसिंह गायरी व कमल पिता नागु गायरी को साक्ष्य के अभाव मे दोष मुक्त किया। राज्य की ओर से पैरवी समरथ साहू अपर लोक अभियोजक द्वारा की गई।

### बाना डंडा खेलकर मां की आराधना की

**जावरा।** नवरात्रि महापर्व के अंतर्गत जनसेवा समिति द्वारा बाना डंडा का आयोजन सोमवारिया में किया। जिसमें हजारों युवा साथियों ने बाना डंडा खेल कर मां की आराधना की। देर रात्रि तक चले इस आयोजन में लोगों का जमावड़ा लगा रहा। सुमधुर डीजे की धुन एवं झील मिल विद्युत साज सज्जा के बीच भव्य आयोजन को लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवनसिंह शेरपुर, विप्लव जैन, गौरव मूणत, सत्यजीतसिंह राजावत, जयेश जाजोरिया, राजेश भरावा, यश जैन, राहुल ओस्तवाल, डॉ अभिदीप शाकल्य, मदन सोनी, उमेश शर्मा, विनोद ओरा, राजेश धाकड़ (आरडी) निलेश मेहता, सत्रि चतर, मनोज प्रजापत रहे। इस अवसर पर संस्था के आदर्श शर्मा, रतनाराज जैन, गौरव बाफना, विशाल हेमावत, अमन जैन, पंकज पांचाल, रोहित महेश्वरी, नागेश पोरवाल, अमित सोनी, देवराज पवार, आशीष सैनी, मनोहर धाकड़, भूपेंद्र माली, सोनू प्रजापत, अमित जैन, आकाश परमार, जगदीश महेश्वरी आदी उपस्थित रहे।

# घर में काम करने वाली महिला ने की चोरी, दो गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** पुलिस ने शहर में हुई बड़ी चोरी का खुलासा कर दिया हैं। पुलिस सक्रिया और संदिग्धों की तलाशी में आरोपी तक पहुंची और 4 घंटे के अंदर 50 लाख की चोरी का पर्दाफाश किया।

- पुलिस ने किया शहर की बड़ी चोरी का खुलासा
- 4 घंटे के अंदर 50 लाख की चोरी का पर्दाफाश



मामले में महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी अमित कुमार ने बताया कि 25 सितम्बर को फरियादी पंकज मोतियानी पिता राजकुमार मोतियानी जाति सिंधी (35) निवासी 453 काटजु नगर रतलाम थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाश के विरूद्ध सोने चांदी के जेवर एवं नगदी करीबन 28 हजार रुपये कुल किमती करिबन 50 लाख 28 हजार रुपये की चोरी होने की सूचना पर थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम पर अपराधपंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन मद्दे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम शहर सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र रतलाम श्रीमती गायत्री सोनी के नेतृत्व टीम का गठन किया गया। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा त्वरित कारवाई करने के निर्देश एवं अज्ञात आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी पर टीम को उचित पुरस्कार देने की उद्घोषणा की गई। पुलिस ने अंजु उर्फ अंजना गोसर पति स्व. विकास गोसर (30) निवासी सुभाष नगर व अफजल पिता बाबुशाह (51) निवासी खटीक मोहल्ला हाट की चौकी रतलाम को गिरफ्तार किया। वहीं आरोपियों से सोने चांदी के जेवर एवं नगदी करीबन 28 हजार रुपये कुल किमती करिबन 50 लाख 28 हजार रुपये।

**इनकी रही सराहनीय मुख्य भूमिका** :थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र रतलाम निरीक्षक गायत्री सोनी, उनि ध्यान सिंह सोलंकी, उनि उदयभान राय, सउनि गोरचन्द परमार, सउनि दिलीप खाती, प्रधान आरक्षक तपेश गोसाई, प्रधान आरक्षक ललिता कटारा, आरक्षक पवन मेहता, आरक्षक मोहन पाटीदार, आरक्षक लंकेश पाटीदार, आरक्षक रवि चंदेल, आरक्षक कान्हा मेघवाल, आरक्षक मयंक चौधरी, आरक्षक जोय बारिया, आरक्षक नरपाल सिंह की पतारसी में रही।

### बार-बार बदला बयान तो शक हुआ, सख्ती पर कबूली वारदात

पुलिस टीम द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया। फरियादी एवं परिजनों से पूछताछ की गई। घर पर आने जाने वाले लोगों के बारे में पता किया गया। संदेह के आधार पर पुलिस टीम द्वारा फरियादी के घर में काम करने वाली अंजु उर्फ अंजना गोसर पति स्व. विकास गोसर निवासी सुभाष नगर थाना डीडीनगर रतलाम से बारिकी व गहनता से पुछताछ करते पहले आनाकानी की गयी तथा कुछ भी बताने को तैयार नहीं तथा अलग अलग पुलिस टीम द्वारा पृथक पृथक पुछताछ करते अपने कथन मे बार बारी त्रुटी कर अलग अलग बाते बतायी जो अंजु गोसर की भुमिका शंकास्पद होने से विस्तृत पुछताछ करते - करते जुर्म करना स्वीकार किया बाद गिरफ्तार का कारण बताकर गिरफ्तारी पंचनामा बनाया गया बाद आरोपी अंजु उर्फ अंजना से पुछताछ कर आरोपीया अंजु उर्फ अंजना गोसर अपने आटो चालक अफजल पिता बाबुशाह निवासी खटीक मोहल्ला को देना बताया बाद पुलिस टीम द्वारा आरोपीया अंजु को साथ लेकर मेमो की तस्दीक में हाट की चौकी खटीक मोहल्ला पहुँचे जहाँ संदेही अफजल पिता बाबुशाह घर पर मिला जिससे पुछताछ करते जुर्म करना स्वीकार किया बाद आरोपी को गिरफ्तारी का कारण बताकर विधिवत् गिरफ्तार किया बाद चोरी गया मश्रुका आरोपी अफजल के घर से बरामद कर जप्ती पंचनामा बनाया गया बाद आरोपियो के कब्जे से सोने चांदी के जेवर एवं नगदी करीबन 28 हजार रुपये कुल किमती करिबन 50 लाख 28 हजार रुपये जप्त किये गये। विवेचना जारी है।

# प्रदेश सरकार के गोमांस को टैक्स फ्री करने का विरोध, कांग्रेस ने रैली निकाल सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** प्रदेश की मोहन सरकार द्वारा गौ मांस को टैक्स फ्री करने के विरोध में शहर कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को रैली निकाली गई।

**मोहन सरकार के खिलाफ कलेक्टोरेट मे लगे मुर्दाबाद के नारे**

जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ता के अलावा सैकड़ो की संख्या में गौ भक्त भी शामिल हुए। उपस्थित गौ भक्तों को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहा कि मोहन सरकार का यह शर्मनाक कृत्य है, जो उसके दोगले चेहरे को उजागर करता है। गौ माता के नाम पर वोट मांगना और गौ मांस को टेक्स फ्री करना, सिर्फ गौ माता का ही नहीं, भारत माता का अपमान है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। और तब तक लड़ेंगे जब तक प्रदेश में गोवध पर प्रतिबंध नहीं लगता। पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने कहा कि कांग्रेस और जनता के दबाव में, भाजपा की बी टीमों द्वारा मोहन सरकार के गौ मांस को टैक्स फ्री करने के विरोध का ड्रामा, टैक्स फ्री करने से भी ज्यादा शर्मनाक है। इसके बाद ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चौहान, एन एस युआइ अध्यक्ष निलेश शर्मा, पूर्व शहर अध्यक्ष विनोद मिश्रा मामा, शैलेंद्र सिंह अठाना, चंद्रशेखर शर्मा, पाषर्द गण कमरुद्दीन कछवाया, बहन यासमीन सिरानी, सलीम मोहम्मद बागवान, फकरुद्दीन मंसूरी, रजनीकांत व्यास, शाकिर खान, भरत सेन, बसंत शर्मा, सोहेल काजी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राजनाथ यादव, शांतु गवली, संगीता कांकरीया उपस्थित थे।

### कलेक्ट्रेट में नारे लगाए

महाराजा सज्जन सिंह चौराहे पर गौ माता की पूजा के साथ रैली प्रारंभ हुई। बैंक कॉलोनी रोड, गीता भवन, फव्वारा चौक, बस स्टैंड और महू रोड होती हुई कलेक्ट्रेट पहुंची। कलेक्ट्रेट में आधे घंटे तक मोहन सरकार द्वारा गौ मांस टैक्स फ्री करने के विरोध मैं नारेबाजी की गई।



# उपस्वास्थ्य केन्द्र पर निरीक्षण में मिली लापरवाही

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र कलालिया ब्लॉक जावरा का

**सीएमएचओ ने उप स्वास्थ्य केंद्र कलालिया का निरीक्षण किया**

निरीक्षण किया गया। जिसमें सी बी एम ओ डॉ. एस एल खराडी, बी., बी एल मईडा, ई. ई, बी पी एम रघुनंदन पाटीदार, सी पी एच सी सलाहकार लोकेश वैष्णव उपस्थित रहे। प्रियंका धाकड़ सी एच ओ का कार्य संतोषजनक, उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन व्यवस्थित एवं सभी रिकॉर्ड रजिस्टर व रिपोर्टिंग सही पाए गए। ई औषधि में इस माह ऑनलाइन इंट्री नहीं की गई, जिस पर प्रतिमाह के पहले सप्ताह में इंट्री करने का बताया गया।

गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं अन्य महिलाओं की हीमोग्लोबिन व काउंसलिंग की इंट्री, यू विन पोर्टल पर अधिक से अधिक करने की सलाह दी गई। सभी दी जाने वाली सेवाओं के साथ अधिक से अधिक इंट्री पर ध्यान देने के लिए कहा गया। जिले के सभी सी एच ओ को सीएमएचओ ने पोर्टल पर रियल टाइम एंट्री करने हेतु निर्देशित किया।

### वेस्ट टू आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा हैं। पखवाड़े के तहत विभिन्न नवाचार करते हुए आमजनों को जागरूक किया जा रहा है और प्रोत्साहित भी किया जा रहा हैं। इसके तहत चौराहों पर कई आयोजन हो रहे है वहीं स्कूलों बच्चों द्वारा भी सहभागीता की जा रही हैं। शासन निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे ''सेवा पखवाड़ा'' अभियान के तहत महापौर प्रहलाद पटेल निर्देशानुसार वेस्ट टू आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं जरूरतमंद व्यक्तियों को थ्री आर सेंटर के माध्यम से सामग्री का वितरण किया गया। अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम रतलाम की आई ई सी टीम ने स्कूलो में जा कर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया व वेस्ट टू आर्ट के तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं वार्ड 12, 14 व 25 में चलित थ्री आर सेंटर के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्तियों को उपयोगी सामग्री का वितरण किया।

# वाहनों की जांच : कमी मिलने पर पौने तीन लाख का अर्थदण्ड

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिले में नियम विरूद्ध संचालित तथा परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं।

**परिवहन विभाग ने शुरू किया विशेष चेकिंग अभियान**




अभियान के तह वाहनों की जांच में कमी पाये जाने पर 2 लाख 84 हजार 664 रूपये का अर्थदण्ड किया गया। जिला परिवहन अधिकारी रतलाम ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार 5 अक्टूबर तक जिले में नियम विरूद्ध संचालित तथा परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाकर चालानी कार्यवाही की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी जगदीश बिल्लोरे एवं चेक प्वाइंट प्रभारी श्रीमती ज्योती मुवेल के द्वारा संयुक्त कार्यवाही के दौरान जिले में वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान बीमा, फिटनेस, पी.यू.सी.सी, व्ही.एल.टी.डी, एस.एल.डी, अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी एवं रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, टैक्स बकाया, बगैर परमिट से संबंधित नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के तहत सैलाना, पिपलोदा एवं रतलाम में कार्यवाही करते हुए 2,84,664/- रूपये अर्थदण्ड की वसूली शासन के पक्ष में की गई तथा चेकिंग के दौरान वाहन संचालकों को हिदायत दी गई कि किसी भी प्रकार से वाहनों का संचालन नियम विरुद्ध नही करे एवं नियमानुसार दस्तावेज पूर्ण करने उपरांत ही वाहनों का संचालन करें। अर्हताओं की पूर्ति किये बगैर कोई भी वाहन संचालन में पाया जाता है तो, नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जायेगी।

# पंचमी पर वासुकीनाथ बाबा का होगा अभिषेक

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** आसोज नवरात्रि के पावन अवसर पर पंचमी पर्व, दिनांक शनिवार 27 सितंबर को स्नेह नगर 80 फीट रोड स्थित शिव शक्ति वासुकी धाम पर प्रातः 11 बजे से श्रद्धा और भक्ति के साथ वासुकीनाथ बाबा का भव्य अभिषेक संपन्न होगा। स्नेह नगर विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती चेतना पाटीदार ने बताया कि बाबा वासुकीनाथ की कृपा से प्रतिमाह उजियारी पंचमी एवं प्रत्येक रविवार को विशेष अभिषेक का आयोजन किया जाता है। भक्तों का विश्वास है कि दूध, दही और पंचगव्य से होने वाले इस अभिषेक से कालसर्प दोष, पितृ दोष, गृह क्लेश और शारीरिक कष्टों का निवारण होता है। यदि श्रद्धालु बाबा को नारियल और सफेद पुष्प अर्पित कर तीन परिक्रमा लगाते हैं, तो उनकी सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। पदाधिकारियों ने बताय कि नियमित अनुष्ठानभी किया जाता हैं। वहीं प्रत्येक रविवार एवं उजियारी पंचमी पर विशेष पूजन व अभिषेक। वैदिक मंत्रोच्चार और पंचगव्य से विद्वान पंडित प्रवीण शर्मा के सानिध्य में सामूहिक प्रार्थना। इस पुण्य अवसर पर भक्तमंडली एवं गणमान्य नागरिक—पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, दिनेश पाटीदार, हेमंत मूणत, भगवतीशंकर रावल, प्रदीप रस्से, सत्यनारायण राठौड़, मांगीलाल पांडे, करण पाटीदार, लोकेन्द्र सिंह राठौड़, राघवेन्द्र सिंह आदि ने नागरिकों से उपस्थित होकर बाबा वासुकीनाथ की पूजा-अर्चना का लाभ प्राप्त करने की अपील की।

# गुरू का आशीर्वाद हमे मिलता रहे, यही मंगल कामना : डॉ. अमृतरसा श्रीजी

नवभारत न्यूज

**जावरा।** सदगुरु बिना इस दुनिया में इंसान भटकते देखे हकेये रहमो कर्मों की दौलत हे मिलती हे आत्म ज्ञानी को बिन सदगुरु दुनिया में धनवान भटकते देखे, अपनी गुरु मैया के बारे में क्या कहुं इनका में जितना गुणगान करू वो कम है। सरलता की प्रतिमूर्ति ज्ञान का भंडार और गुणों की खान हे। मेरी गुरु मैया आज में जो कुछ हु सब इन्हीं की कृपा और आशीवाद से हु। जीवन के 45 वर्ष पूर्ण कर आज ये 46 वे वर्ष में प्रवेश कर रही है, हम सभी के ऊपर इनकी सदा ऐसी ही कृपा बरसती रहे। इनका आशीर्वाद हमे सदेव मिलता रहे, यही परम पिता परमेश्वर से में मंगल कामना करती हु। यह उदगार द्वि शतावधानी साध्वी भगवंत निराग रसा श्रीजी ने अपनी गुरुमैया साध्वी भगवंत डॉ अमृतरसा श्रीजी के 46 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित धर्मसभा के दौरान कहे। मीडिया प्रभारी अरविंद जैन एवं अतुल सुराणा ने बताया कि श्रीसंघ एवं चातुर्मास समिति द्वारा साध्वीजी का जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। प्रातःकालीन बेला में श्रीसंघ के सदस्यों ने पीपली बाजार उपाश्रय में पहुंचकर साध्वी भगवंत की अनुमोदना की एवं गुरुदेव एवं साध्वीजी भगवंत की जयकारों के नारों से उपाश्रय को गुंजायमान कर दिया। साध्वीजी ने पीपली बाजार उपाश्रय में गलियारे पर बने टीन शेड का उद्घाटन किया। जिसका लाभ इंदरमल, राजकुमारी, सुमित दसेड़ा परिवार ने लिया। तत्पश्चात बीएलएम पैलेस पर श्रीसंघ की नवकारसी एवं गुरुगुनानुवाद सभा का आयोजन हुआ, जयंत ज्योति बहु परिषद ने ढोल धमाकों से साध्वीजी की अगवानी की, श्रीसंघ के पदाधिकारियों एवं भोजन समिति सदस्यों ने गुरु देव के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन किया। श्रीसंघ के विभिन्न वक्ताओं एवं नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने शब्दों के माध्यम से साध्वी जी की महिमा का बखान किया।

**ज्ञापन** — कानपूर में हुई घटना के विरोध में कर्बला मैदान पर बड़ी संख्या में जमा हुए थे समाजजन

# समय से पूर्व ज्ञापन देने पर भड़के... नारेबाजी-प्रदर्शन, इस्तीफे की मांग

नवभारत न्यूज

**जावरा।** ईद मिलाद उन नबी पर्व के दौरान कानपूर जिले के रावतपुर स्थित सैय्यद नगर में आई लव मोहम्मद के बैनर को लेकर की गई पुलिस कार्रवाई और बैनर उतरवाने के मामले में शुक्रवार को जावरा शहर में जुम्मे की नमाज़ के बाद सीरत कमेटी द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने को लेकर सूचना दी गई थी। जिसके चलते जुम्मे की नमाज़ बाद बड़ी संख्या में समाजजन कर्बला मैदान पहुंचे, लेकिन तय समय से करीब 15 मीनिट पहले ही सीरत कमेटी पदाधिकारियों ने एसडीएम अनिल जायसवाल और सीएसपी युवराजसिंह चौहान को शहर थाना प्रभारी जितेन्द्रपालसिंह जादौन की उपस्थिति में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप दिया। जिससे बड़ी संख्या में कर्बला मैदान पर जुटे समाजजन नाराज हो गए और कर्बला मैदान स्थित सीरत कमेटी



आफीस के बाहर प्रदर्शन करने लगे। समाजजन कर्बला मैदान से जुलूस निकालने की बात पर अडे रहे, लेकिन सीरत कमेटी पदाधिकारियों ने कहा कि जुलूस की अनुमति नहीं हैं। प्रदर्शन के दौरान समाजजनों ने कमेटी पदाधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनके इस्तिफे की मांग तक कर डाली। मामला बढ़ता देख सीरत कमेटी पदाधिकारियों ने आफीस बंद कर दिया तो गुस्साए समाजजन तोड़फोड़ पर उतर आए और कर्बला मैदान से तहसील कार्यालय की और रैली के रुप में बढने लगे। जिस पर पुलिस को हल्का बल प्रयोग करते हुए भीड़ को तीतर बीतर करते हुए मोर्चा संभालना पड़ा। इधर कमेटी पदाधिकारियों को दोषारोपण करते हुए समाज के युवाओं ने इस्तिफा देने की मांग की। जिस पर वर्तमान सीरत कमेटी पदाधिकारियों द्वारा इस्तिफा देने की बात सामने आई हैं, लेकिन इसकी पुष्टी अब तक नहीं हो पाई हैं।

### प्रशासन को दो बार लेना पड़ा ज्ञापन

सीरत कमेटी द्वारा ज्ञापन देने के बाद गुस्साए समाजजनों की भीड़ के दबाव के चलते एसडीएम और सीएसपी को दो बार ज्ञापन लेना पड़ा। राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि गत 4 सितम्बर 2025 को उत्तरप्रदेश के कानपूर जिले के रावतपुर स्थित सय्यद नगर में ईद-मिलाद-उन नबी के जलसे में आई लव मोहम्मद स.अ.व. लिखा हुआ बैनर लगाने को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा 8 लोगो पर नामजद एवं 15 अज्ञात लोगो पर 10 सितम्बर 2025 को असत्य व झूठी एफ.आई.आर. कर दी गई हैं। उप-निरीक्षक पंकज शर्मा द्वारा धार्मिक भेदभाव करते हुए मुस्लिम समाज को भड़काने के लिये धार्मिक आजादी पर पाबंदी लगाने का काम किया है और संविधान के विरूद्ध जाकर असत्य व झूठी शिकायत दर्ज की गई है। ज्ञापन में उक्त एफ.आई.आर. को खत्म और धार्मिक भेदभाव करने वाले प्रशासनिक अधिकारीयों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई हैं।